# भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी में नई उड़ान

- जयशंकर-हेगसेथ की बैठक से सहयोग को मिली गति
- 10 साल की साझेदारी पर सहमति संभव



**वाशिंगटन, 2 जुलाई . भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से मुलाकात कर द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने और विभिन्न क्षेत्रों में सामंजस्य को बेहतर बनाने और क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा की.**

विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में, कहा आज वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी विदेश मंत्री पीट हेगसेथ से मिलकर बहुत अच्छा लगा. भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने, हितों, क्षमताओं और जिम्मेदारियों के बढ़ते सामंजस्य को बेहतर बनाने पर एक उपयोगी बातचीत हुई.

अमेरिकी रक्षा विभाग के एक बयान में कहा गया है कि दोनों मंत्रियों ने पेंटागन में मुलाकात की. दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग, हथियारों की बिक्री और नई रक्षा साझेदारी संबंधी रूपरेखा पर भविष्य में हस्ताक्षर करने पर चर्चा की.

हेगसेथ ने कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रशासन की शुरुआत में ही हमारे रिश्ते के लिए एक मजबूत नींव रखी, जिसे हम आज यहां उत्पादक, व्यावहारिक और यथार्थवादी बना रहे हैं. दोनों राष्ट्र एक मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत के लिए साझा प्रतिबद्धता द्वारा संचालित सहयोग के समृद्ध और बढ़ते इतिहास की बात करते हैं. अमेरिका और भारत दोनों इस क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं के बारे में परस्पर जागरूक हैं और दोनों देशों में उस खतरे का एक साथ मुकाबला करने की क्षमता है. उन्होंने भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में खतरों का मुकाबला करने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करने के अमेरिकी प्रयासों पर भी चर्चा की. हेगसेथ ने कहा, भारत की सूची में कई अमेरिकी रक्षा वस्तुओं के सफल एकीकरण से अमेरिका को काफी प्रसन्नता है और इस मामले में प्रगति करते हुए, हमें उम्मीद है कि हम भारत के साथ कई प्रमुख लंबित अमेरिकी रक्षा सौदों को पूरा कर सकते हैं.

> हम साझा रक्षा औद्योगिक सहयोग और सह-उत्पादन प्रयासों का विस्तार करते हुए अपने रक्षा बलों के बीच अंतर-संचालन को मजबूत कर सकते हैं. दोनों देश अमेरिका-भारत के बीच नए 10-वर्षीय प्रमुख रक्षा साझेदारी ढांचे पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर कर सकते हैं. हमें इसके शीघ्र होने की आशा है. फरवरी में ट्रंप और मोदी के बीच एक बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने जेवलिन एंटीटैंक गाइडेड मिसाइलों और स्ट्राइकर बख्तरबंद वाहनों के लिए नई खरीद और एक साथ मिलकर उत्पादन व्यवस्था को आगे बढ़ाने की योजना की घोषणा की थी.

### पी-8 आई समुद्री विमानों की खरीद पर हुई बात

इस दौरान छह अतिरिक्त पी-8आई समुद्री गश्ती विमानों की खरीद पर भी चर्चा हुई. भारत पहले ही सी-130जे सुपर हरक्यूलिस, सी-17 ग्लोबमास्टर आईआईआई और पी-8आई पोसीडॉन विमान के साथ-साथ सीएच-47एफ चिनूक, एमएच-60आर सी हॉक और एएच-64ई अपाचे जैसे हथियारों को अपनी सेना में शामिल कर चुका है. भारत हार्पून एंटीशिप मिसाइलों, एम777 हॉवित्जर और एमक्यू-9बी स्काई गार्डियन का भी इस्तेमाल करता है .हेगसेथ ने कहा, हम अपने साझा लक्ष्यों को साकार करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं. जयशंकर ने कहा अमेरिका के साथ भारत के संबंध पहले से ही मजबूत हैं लेकिन इस दिशा में बहुत कुछ किया जा सकता है. हम मानते हैं कि हमारी रक्षा साझेदारी आज वास्तव में इन रिश्तों के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है. यह केवल साझा हितों पर आधारित नहीं है,बल्कि हम मानते हैं कि यह वास्तव में क्षमताओं और जिम्मेदारियों के साझाकरण को बढ़ा रहा है. हम जो कुछ भी भारत प्रशांत क्षेत्र में करते हैं उसे लेकर हमारा मानना है कि वह इसकी रणनीतिक स्थिरता के लिए बिल्कुल महत्वपूर्ण है.



# अमरनाथ यात्रा को दी हरी झंडी

**भगवती नगर से पहले जत्थे की यात्रा हुई प्रारंभ**

**4500 श्रद्धालु हुए यात्रा में शामिल**

**जम्मू 2 जुलाई. जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को भगवती नगर आधार शिविर श्री अमरनाथ पवित्र गुफा की तीर्थयात्रा के लिए श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई और सुरक्षित और आनंदमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं.**

उपराज्यपाल ने कहा, यह पवित्र तीर्थयात्रा आस्था और आत्म-खोज की यात्रा है.भगवान शिव के पवित्र निवास और गहरी आत्मा को झकझोर देने वाले अनुभव की सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की शुभकामनाएं. उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रशासन, जम्मू-कश्मीर के लोग अमरनाथ श्राइन बोर्ड, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों ने तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक व्यवस्था की है. उपराज्यपाल ने कहा बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पहले जत्थे में 4,500 से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुए.

# शिवसेना चिह्न विवाद फिर गरमाया

**उच्चतम न्यायालय 14 को करेगा सुनवाई**

**धनुष-बाण चिह्न पर फिर विवाद**

**नयी दिल्ली, 02 जुलाई. उच्चतम न्यायालय शिवसेना और शिवसेना के बीच धनुष-बाण चुनाव चिह्न आवंटन विवाद से संबंधित मामले में 14 जुलाई को विचार करेगा.**

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने बुधवार को शिवसेना की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत की इस मामले में तत्काल सुनवाई की गुहार पर सहमति व्यक्त की.अधिवक्ता कामत ने गुहार लगाते हुए कहा कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों से संबंधित घोषणा अगले सप्ताह कभी भी की जा सकती है. पीठ के समक्ष उन्होंने कहा, हम कुछ अंतरिम निर्देश चाहते हैं. जैसे एनसीपी मामले में जारी किए गए थे.



> उन्हें चुनाव चिह्न दे दिया गया है .पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि दो चुनाव हो चुके हैं. न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष इसी तरह की याचिका का उल्लेख किया गया था, जिसे खारिज कर दिया गया .पीठ ने कहा, भले ही चुनाव अधिसूचित हो जाएं, लेकिन यह आखिरकार उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ है .इस पर कामत ने कहा, नहीं नहीं यह चुनाव चिह्न का विवाद है. मामला दो साल से लंबित है .पीठ ने फिर पूछा, अगर यह लंबित है तो कोई समस्या नहीं है, कोई अधिकार (जो मिलना चाहिए) नहीं जाएगा. इतनी जल्दी क्या है.

## फर्जी पंजीकरण से लूटा सरकारी अनुदान

**सहारनपुर.** सहारनपुर नगर में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत छात्रों का फर्जी पंजीकरण कर प्रशिक्षण देने के नाम पर सरकारी लाखों रूपयों की अनुदान राशि हड़पने का मामला सामने आया है.थानाध्यक्ष कुतुबशेर एचएन सिंह ने बुधवार को बताया कि राज्य सहभागिता सहायक समन्वय अभिमान शिवाच की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है. जिसमें कहा गया है कि नगर के अंबाला रोड़ भावुपुर में स्थित सर्वसमाज सेवा एवं शिक्षण संस्थान फर्जी छात्रों के नाम पर पंजीकरण दिखाकर और उन्हें प्रशिक्षण देने के नाम पर सरकारी अनुदान हड़प रहा है.

# इज़रायल ने 60 दिनी युद्धविराम को अंतिम रूप देने सहमति जताई : ट्रंप

**ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा**

**हम युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करेंगे**



गाजा सिटी 02 जुलाई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि इज़रायल ने गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए 60-दिवसीय युद्ध विराम को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक शर्तों पर सहमति जताई है और हमास से भी इस समझौते को स्वीकार करने का आग्रह किया है.

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, इज़रायल ने 60 दिवसीय युद्ध विराम को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक शर्तों पर सहमति जताई है, जिसके दौरान हम युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करेंगे.

उन्होंने कहा, कतर और मिस्र के लोग, जिन्होंने शांति लाने में बहुत मेहनत की है, इस अंतिम प्रस्ताव को पेश करेंगे. उन्होंने हमास से भी इस समझौते को स्वीकार करने का आग्रह किया. श्री ट्रम्प ने कहा, मुझे उम्मीद है कि पश्चिम एशिया की भलाई के लिए हमास इस समझौते को स्वीकार करेगा, क्योंकि यह बेहतर नहीं होगा - यह केवल बदतर होता जाएगा.

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.) 457001**

क्र./242/स्टोर/2025 रतलाम, दि. 02/07/2025

**प्रथम निविदा आमंत्रण**


नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ई निविदा क्रमांक. | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत (रुपए में) | कार्य हेतु निर्धारित धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | कार्य की मयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 434541 | नगर पालिक निगम रतलाम के विभिन्न विभागों के 310 महिला एवं 1190 पुरुष कर्मचारियों हेतु रेनकोट क्रय करने संबंधी कार्य। | 13,00,000/- | 26,000/- | 2,000/- | कार्यादेश दिनांक से 1 वर्ष |

उपायुक्त एवं स्टोर प्रभारी
नगर पालिक निगम, रतलाम

# राजनाथ ने भाजपा को चुनाव जीतने का दिया मंत्र

**पटना, 02 जुलाई . केन्द्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं को अगले बिहार विधानसभा चुनाव जीतने का मंत्र देते हुये बुधवार को कहा कि वह जन-जन तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचायें.**



सिंह ने बुधवार को यहां पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार में सत्ता में आने के बाद वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने राज्य के विकास के लिये कई ठोस कदम उठाये हैं. उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है, जिससे लोग बीते 20 वर्षों में हुये परिवर्तन को समझ पायें.

रक्षा मंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह सिर्फ पंचायत और गांव स्तर तक नहीं बल्कि घर-घर जाकर संवाद स्थापित करें. उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में भी लोगों को अवगत करायें और इसके साथ ही यह जानने की कोशिश करें कि योजनाओं में बेहतरी के लिये वे और क्या चाहते हैं. उन्होंने कहा कि संवाद एकतरफा नहीं होना चाहिये और जनता के विचार को भी जानना आवश्यक है.

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी सिर्फ सरकार बनाने के लिये नहीं समाज बनाने के लिये राजनीति करती है. उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य समाज में परिवर्तन लाना और भारत को एक महान राष्ट्र बनाना है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है.

> सिंह ने कहा कि भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था पहले ही बन चुका है और तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है. पिछले 11 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के विकास की गति को मिशन मोड में आगे बढ़ाने का काम किया है. उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिये नरेन्द्र मोदी सरकार संकल्पित है. उन्होंने कहा कि बिहार के किसान काफी मेहनती हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई विशेषज्ञों ने राज्य में विशेषकर नालंदा जिले में हो रही जैविक विधि से खेती की प्रशंसा की है.

# विदेशी निर्भरता से झुक रही है किसान की रीढ़



**नयी दिल्ली, 2 जुलाई.** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि किसान के लिए खाद जैसी जरूरी वस्तु विदेश पर निर्भता बढ़ रही है और इसे कम करने के प्रयास नहीं हो रहे हैं,इसलिए किसान की रीढ़ लगातार झुक रही है. गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, भारत कृषि प्रधान देश है और किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं. लेकिन आज यही रीढ़ विदेशी निर्भरता के कारण झुकती जा रही है. भारत 80 प्रश स्पेशियलिटी फर्टिलाइज़र चीन से मंगाता है और अब चीन ने सप्लाई रोक दी

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल-एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया गया था, इसलिए उधारकर्ता और आम जनता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन आईआईएफएल एचएफएल के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि यहां उल्लेखित राशि के साथ ब्याज भी शामिल है। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि को सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों के साथ चुका देता है, तो सुरक्षित परिसंपत्तियों को आईआईएफएल एचएफएल द्वारा बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और सुरक्षित परिसंपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए आईआईएफएल एचएफएल द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री रीवा चंद बठीजा श्रीमती आशा बठीजा महादेव एंटरप्राइजेज (Prospect No. 915019)) | इसका पूरा हिस्साः फ्लैट नंबर जी-2, माप-750 वर्ग फीट, ग्राउंड फ्लोर गोल्डी, अपार्टमेंट स्कीम नंबर 44, प्लॉट नंबर 223-ए और 223-बी, खातीवाला टेंक, इंदौर, 452001, मध्य प्रदेश, भारत। | रु.14,54,191/- (चौदह लाख चौवन हजार एक सौ इनक्यानवे रुपए मात्र) | 25 -मई -2022 | 27 -जून -2025 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालयः एम्बिशन टॉवर, प्लॉट नंबर डी-46-बी, कार्यालय संख्या 307 से 312, मालन का चौराहा, अग्रसेन सर्किल, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर - 302001 या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नंबर 98, फेज-क्ष, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः इन्दौर
दिनांकः 03-07-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

ROHA HOUSING FINANCE
GROW WITH YOUR OWN HOME

**रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड**

**कॉर्पोरेट ऑफिस :** युनिट नं. 1117 एवं 1118, 11वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड टॉवर, सेक्टर 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201 301.

**आधिपत्य सूचना** (प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8(1) के अंतर्गत)

**रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड** ("RHFPL" के रूप मे संदर्भित) पंजीकृत कार्यालय : जजेटी हाउस, ए44/45, रोड़ नं.2, एमआईडीसी, अंधेरी इस्ट, मुम्बई -400093 के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) की धारा 13 (12) सपठित नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऋणी(यों)(नीचे वर्णित नाम एवं पता) से उक्त वर्णित अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत सूचना प्राप्ति दिनांक से 60 दिन के अंदर निम्न वर्णित ऋण राशि अदा करने की मांग की गई थी। चूंकि नीचे दर्शाए गए ऋणी(यों) ने अदायगी में त्रुटि की है अत: नीचे दर्शाए गए ऋणी(यों) तथा सर्वसाधारण जनता को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नीचे वर्णित सम्पत्तियों का **भौतिक आधिपत्य** प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के सपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्राप्त कर लिया है। नीचे दर्शाए गए ऋणी(यों) को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों के संबंध में कोई संव्यवहार न करें और यदि कोई संव्यवहार किया गया तो वह रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड के ऋणी(यों) के समक्ष वर्णित राशि एवं ब्याज के चार्ज (प्रभार) के अधीन होगा। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे।

| स. क्र. | ऋणीयों / सह-ऋणीयों के नाम/ ऋण खाता सं./शाखा | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र की दिनांक एवं बकाया राशि | आधिपत्य की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **लेन:** HLUJNCSCRE000005011304 / **शाखा:** उज्जैन **1. श्री कालू सिंह पिता रायसिंह** (ऋणी) **2. श्रीमती रामकुंवर बाई पति कालू सिंह** (सह-ऋणी) **दोनों का पता:** ग्राम कांकरिया चांद तहसील तराना, देवनारायण मंदिर के पास, उज्जैन, तराना, मध्य प्रदेश- 456665 **दोनों का पता:** : प्लॉट नंबर 119, फोन नंबर 10, ग्राम काकरियाचंद तहसील तराना जिला। उज्जैन, मध्य प्रदेश - 456550 | अचल संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश, नीचे की भूमि में अविभाजित हिस्सेदारी और परिसर/कैंपस के सभी आंतरिक और बाह्य अधिकारों का, जो आवासीय उपयोग के लिए गैर कृषि भूमि पर बना है, जो मकान नंबर **प्लॉट नंबर 119, प.ह.न.10, ग्राम कांकरिया चांद, ग्राम पंचायत गांवड़ी, तहसील तराना, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश-456550, क्षेत्रफल 3185 वर्गफीट (295.89 वर्गमीटर)**। **चर्तुःसीमा** : पूर्वः जीवनसिंह पिता चैनसिंह का मकान, पश्चिमः रोड, उत्तरः देवनारायण मन्दिर की खाली जगह, दक्षिणः कॉमन रोड | **26-11-2024 & Rs. 6,69,868/-** | **28.06.2025** |
| 2. | **लेन:** LAINDRLPRS000005000348/ **शाखा: इन्दौर** **1. श्री राजेश अग्रवाल** (ऋणी) **2. श्रीमती अनामिका अग्रवाल** (सह-ऋणी) **पता 1:** 4बी, सुदामा नगर, अन्नपूर्णा रोड के पास, इन्दौर, म.प्र.-452001, **पता 2:** नवादा पंथ, धार एमपीईबी के सामने, इन्दौर, म.प्र.-452002, **पता 3:** प्रकोष्ठ क्रमांक 202, द्वितीय मंजिल, प्लॉट नं. 172, महेसिंधु कृपा सुदामा नगर, इन्दौर, म.प्र.-452001 | अचल संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश, प्रकोष्ठ क्रमांक 202, द्वितीय मंजिल, प्लॉट नं. 172, महेसिंधु कृपा सुदामा नगर, इन्दौर, म.प्र.-452001 | **16-12-2024 & Rs. 13,35,976/-** | **30.06.2025** |

स्थान : मध्य प्रदेश
दिनांक : 03.07.2025

प्राधिकृत अधिकारी
तर्फे - रोहा हाउसिंग फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड

**अपने व्यापार को दें नई ऊंचाइयां 'नवभारत' में विज्ञापन के माध्यम से**

## एक नजर में



### मुंबई जलाशयों का जल स्तर 43 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई 2 जुलाई . मुंबई और उसके आसपास पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण देश की आर्थिक राजधानी के जलाशयों में पानी काफी बढ़ गया है .बॉम्बे नगर निगम के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार बुधवार सुबह 6ः00 बजे तक मुंबई की झीलों में संयुक्त जल भंडार 629,0320 लाख लीटर तक पहुंच गया, जो शहर की पूर्ण उपयोगी जल भंडारण क्षमता 144.7 लाख लीटर का लगभग 43.46 प्रतिशत है. सभी जलाशयों में सबसे ज्यादा पानी भटसा झील 2,58,82200 लीटर के साथ सबसे बड़ा योगदान दिया. इसके बाद मध्य वैतरणा ने 93,4930 लाख लीटर और ऊपरी वैतरणा ने 1,28,6250 लाख लीटर पानी है. चार प्रमुख जलाशयों, ऊपरी वैतरणा, मोदक सागर, तानसा और मध्य वैतरणा का सामूहिक लाइव स्टोरेज अब 355,5320 लाख लीटर तक पहुँच गया है, .

Presiding Officer: श्री सौरभ जैन
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000095/2025)
अनिल बहल पिता पदम प्रकाश बहुल ... वादी
Vs
मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवास विकास प्राधिकरण......... प्रतिवादी
Process Id- /2025
पेशी दिनांक- 04/08/2025

प्रेषिती-
सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी अनिल बहल पिता पदम प्रकाश बहल ने आपके विरुद्ध आदेश 7 नियम 1 सीपीसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 28 जून 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

श्री सौरभ जैन
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय:
21.07.2025 को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक

परिशिष्ट - IV क (नियम 8(6) का प्रावधान देखें)

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणत: एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषत: सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **इंडियन बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **21.07.2025** को **इंडियन बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु **''जैसा है जहां है, जो है जैसा है''** एवं **''जो कुछ भी है''** के आधार पर किया जा रहा है।

| क्रं. | शाखा/ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | चल एवं अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि(₹) | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| | **विजय नगर शाखा: जीएफ-7, सीका स्कूल रोड, स्कीम नं. 54, विजय नगर, इन्दौर - 452010** **EMD Submission A/c Details : Name of EMD A/c : The Authorised Officer, Indian Bank, A/c No. 50375227581, IFSC IDIB000I525** | | | |
| 1. | **श्री नारायण प्रकाश राठी (ऋर्णी) एवं श्रीमती रेखा राठी (सह-ऋणी)** | फ्लेट नं. 504, पाँचवीं मंजिल, ब्लॉक-ए, सर्वे नं. 270/2/मिन-2, स्टार एवेन्यु, आरटीओ रोड, तीन इमली चौराहा, इन्दौर, उप-जिला इन्दौर एवं जिला इन्दौर, **चर्तु:सीमा: उत्तर:** फ्लेट नं. 503, **दक्षिण:** फ्लेट नं. 505 उसके बाद लिफ्ट, **पूर्व:** खुला पेसेज एवं सिढ़ी, **पश्चिम:** एमओएस एवं अन्य प्लाट, **संपत्ति आईडी: IDIB3271622613** | 10/01/2022 / 10/11/2022 / 15,11,474 +ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 7,20,000 / ₹ 72,000/- / ₹ 10000/- |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 21.07.2025 को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक**
**"https://www.Indianbank.in & https://www.baanknet.com"**

बोलीदाताओं को ऑनलाईन बोली में भाग लेने के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता **पीएसबी एलयांस प्रा.लि.** की वेबसाईट **(https://www.baanknet.com)** पर जाने की सलाह दी जाती है। तकनीकी सहायता के लिए कृपया **पीएसबी एलयांस प्रा.लि.** हेल्पडेस्क नं. **8291220220, इ-मेल आई support.baanknet@psballiance.com** एवं सेवा प्रदाता हेल्पडेस्क में उपलब्ध अन्य हेल्प लाईन नंबरों पर कॉल करें। **पीएसबी एलयांस प्रा.लि.** के साथ पंजीकरण की स्थिति के लिए, कृपया **(https://www.baanknet.com)** पर संपर्क करें और ईएमडी की स्थिति के लिए कृपया **(https://www.baanknet.com)** पर संपर्क करें।
संपत्ति विवरण और संपत्ति की तस्वीर व नीलामी के नियम व शर्तों के लिए कृपया **(https://www.baanknet.com)** देखें एवं इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टीकरण के लिए, कृपया हेल्पलाईन नं. **8291220220** पर संपर्क करें।
बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि **(https://www.baanknet.com)** की वेबसाईट में संपत्ति की खोज करते समय उक्त उल्लेखित संपत्ति आईडी नम्बर का उपयोग करें।

**स्थान: इन्दौर, दिनांक : 02.07.2025** **प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**